संख्या–3242 / सैंतीस–2–2019–5(53) / 18टी.सी.–5

प्रेषक,

बी0एल0 मीना,
प्रमुख सचिव,
पशुधन विभाग, उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
उ0प्र0।
2. समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।

पशुधन अनुभाग–2 लखनऊः दिनांकः 02 अगस्त, 2019

**विषयः–प्रदेश में स्थापित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल के संचालन एवं उनमें संरक्षित गोवंश के भरण–पोषण आदि के संबन्ध में।**

महोदय,

कृपया प्रदेश में निराश्रित / बेसहारा गोवंश की समस्या के समाधान हेतु प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों (यथा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निकायों) में अस्थायी गोवंश की स्थापना व संचालन शासनादेश संख्या–4324 / सैंतीस–2–2018–5(53) / 2018, दिनांक 02 जनवरी, 2019 द्वारा नीति का प्रख्यापन किया गया है तथा पत्र संख्या–261 / सैंतीस–2–2019–5(53) / 2018, दिनांक 28.01.2019 द्वारा परामर्शी मार्गनिर्देशों को निर्गत किया गया है।

2. शासन के उक्त आदेशों के अनुपालन में प्रदेश में स्थापित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल के संचालन एवं उनमें संरक्षित गोवंश के भरण–पोषण आदि के सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 22.07.2019 को लोक भवन में समस्त मण्डलायुक्त / जिलाधिकारियों के साथ आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के पत्र संख्या–1215 / 31–2019–44 / 2014टी.सी.दिनांक 30.07.2019 के साथ संलग्न कर प्रेषित कार्यवृत्त में निम्न निर्देश दिये गये है :–

(1) इस योजना के अन्तर्गत अब तक 2 लाख 68 हजार पशुओं को संरक्षित कर लिया गया है। जिलाधिकारियों द्वारा वर्षाकाल में पशुओं को ठण्ड, निमोनिया आदि से बचाने हेतु समुचित प्रयास किये जाय।

(2) निराश्रित गोवंश के भरण–पाषण हेतु उपलब्ध करायी गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र जिलाधिकारी द्वारा शीघ्र उपलब्ध कराया जाय।

3. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया कार्यवृत्त में दिये गये उक्त निर्देशों एवं शासन द्वारा अभी तक लिये गये निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा पशुधन विभाग का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। यदि गोवंश आश्रय स्थल के संचालन एवं उनमें संरक्षित गोवंश के भरण–पोषण आदि में

अपर नि० (गो० वि०)
2.8.2019

कोई कठिनाई / समस्या हो तो उससे अधोहस्ताक्षरी के मोबाइल नं0–9560414440 एवं मेल आईडी–psdd2016@gmail.com पर तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( बी0एल0 मीना )
प्रमुख सचिव।

**<u>संख्या–3242(1) / सैंतीस–2–2019तद्दिनांक।</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) समस्त अपर निदेशक, ग्रेड–2, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 (द्वारा निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग)

(2) समस्त पशु चिकित्साधिकारी, उ0प्र0 (द्वारा निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग)

आज्ञा से,

**(सत्येन्द्र कुमार सिंह)**
सचिव।